प्रेस विज्ञप्ति

रामगढ़ शेखावाटी में

'वेदारण्य हेरिटेज आर्ट्‌स एवं हीलिंग फेस्टिवल' में विभिन्न प्रस्तुतियां

जयपुर, 8 दिसम्बर; राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग और श्रुति फाउंडेशन द्वारा 'ऑल लेडीज लीग' के सहयोग से 9 दिसम्बर तक चार दिवसीय 'वेदारण्य हेरिटेज आर्ट्‌स एंड हीलिंग फेस्टिवल' (वीएचएएच) का आयोजन सीकर जिले में रामगढ़ शेखावाटी में किया जा रहा है।

प्रथम दिन

वीएचएएच फेस्ट–2016 के उद्‌घाटन सत्र को प्रख्यात वक्ताओं ने हमारी धरोहरों की जानकारी परक सत्र ''एक्सप्लोरिंग एण्ड रिवाइविंग आवर हेरिटेज–टेंगेबल एण्ड इन्टेंगेबल'' के साथ लांच किया।

वीएचएएच फेस्ट 2016 का उद्‌घाटन वैदिक मंदिर में प्रख्यात कलाकार गीता चंद्रन ने वैदिक एकल प्रस्तुति 'सत्यम शिवम सुन्दरम्' के साथ किया।

उद्‌घाटन सत्र में दीप प्रज्ज्वलन की रस्म स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने निभाई। इसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत खयाल शैली के गायक पंडित राजन–साजन मिश्र ने एक भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ इस शाम को एक यादगार शाम बना दिया।

दूसरा दिन

वेदारण्य हेरिटेज आर्ट्‌स और हेलिंग फेस्टिवल, 2016 इस फेस्ट के हेरिटेज भाग पर केन्द्रित था। इस दिन की शुरूआत अजय पोद्‌दार के स्फूर्ति दायक व्यख्यान '' किस प्रकार हम अपने जीवन को स्वस्थ्य बना सकते हैं और स्वयं व्यक्तिगत सुरक्षा कर सकते है कि मास्टर क्लास के साथ हुआ। इस व्याख्यान में जोर इस बात इस समझ पर रहा कि जीने की स्फूर्ति एवं जागरूकता के लिए प्रौद्योगिकी केवल उपयोगी साधन के तौर पर की जानी चाहिए। वक्ता ने हमारे इर्द–गिर्द रहने वाली विभिन्न प्रकार की ऊर्जाओं के बारे में तथा स्वस्थ्य जीवन के लिए उनके संतुलन के बारे में बताया।

अगला सत्र गणितज्ञ प्रोफेसर सी.के. राजू ने ''जीनियस ऑफ इण्डियन साइन्टिफिक हेरिटेज'' विषय पर लिया। यह सत्र छात्रों से विचार विमर्श के तौर पर रहा इन छात्रों ने भारत में अंक गणित के उपयोग एवं हेरिटेज के बारें में जिज्ञासा व्यक्त की।

''एकाग्रता के लिए ध्यान'' विषय पर आयोजित मास्टर क्लास का आयोजन दोपहर को हुआ जिसमें आदित्य आहलुवालिया ने इस दिन के लक्षित स्कूली विद्यार्थियों के साथ गहनता से आनन्द लिया।

''मंत्रोच्चारण से उपचार की शक्ति'' (हीलिंग पावर ऑफ मांत्रिक चान्टिंग) सत्र श्रुति पोद्दार ने आयोजित किया जिसमें बताया गया कि मंत्रोच्चारण की शक्ति से किस प्रकार से चंगाई प्राप्त की जा सकती है जो कि शरीर को स्फूर्ति प्रदान करने से भी जुड़ी है। इस सत्र का समापन सामूहिक रूप से ''ओम'' के उच्चारण के साथ हुआ जिसमें वक्ता एवं उपस्थित दर्शकों ने एक साथ भाग लिया।

इस संध्या में सांस्कृति कार्यक्रम पंडित छनुलाल मिश्रा के शानदार लोक संगीत प्रस्तुति के साथ हुए। इन प्रदर्शनों में कालबेलिया डान्स प्रमुख आकर्षण रहा जिसने दर्शकों को काफी सम्मोहित कर दिया।

तीसरा दिन

वीएचएएच फेस्ट–2016 के तीसरे दिन की शुरूआत हेरिटेज वॉक से हई जिसे अरविन्द शर्मा और श्रुति पोद्दार ने संचालित किया, यह वॉक रामगढ किले से आरम्भ हुई और इसका पहला पड़ाव रामगोपाल पोद्दार छतरी पर आधे घंटे के सत्र के साथ हुआ। इसके बाद यह वॉक नटवरजी के मंदिर से गौरीसरिया धर्मशाला तक गई। इस वॉक में शामिल स्थानों में जय नारायण पोद्दार हवेली भी है इसके बाद यह वॉक वापस रामगढ़ किले पर सम्पन्न हुई।

यहां पर बहु प्रतीक्षित प्रदर्शन म्युजिक आइकन शुभा मुद्गल एवं पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह ने रामगढ़ किले पर शेखावाटी की इस शाम को और भी सुहावना बना दिया। डॉ. सोनल मानसिंह की नाट्य प्रस्तुति ''नाट्य कथा : कृष्णा और शुभा मुद्गल ने शास्त्रीय एवं अर्द्ध शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी इसके बाद बूटे खान और उनके दल ने एक के बाद एक लोक नृत्यों की प्रस्तुति दे कर समा बांध दिया।

Media Coordination:

Jagdeep Singh
M: 09829065787

Kamal Kant
M: 09571836810